दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 12-09-2025

# हाई कोर्ट की सख्ती के बाद कोंडागांव में 6.50 करोड़ का अंतरराज्यीय बस स्टैंड शुरू

बिलासपुर| कोंडागांव में 6.51 करोड़ रुपए से बने अंतरराज्यीय बस स्टैंड का संचालन शुरू हो गया है। निर्माण के बाद भी लंबे समय से बंद पड़े इस परिसर को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर पालिका से जवाब मांगा था। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी. गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि अब अंतरराज्यीय बस स्टैंड शुरू हो चुका है। 6.51 करोड़ रुपए से बने अंतरराज्यीय बस स्टैंड परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था और सभी दुकानें बंद थीं। अब नियमित रूप से बसों का संचालन शुरू हो गया है और यात्रियों की आवाजाही बढ़ी है। कोर्ट में परिसर की बदली तस्वीर पेश की गई। बताया गया कि सुरक्षा के लिए 9 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी दुकानों का आवंटन हो चुका है और व्यापारी व्यवसाय शुरू कर चुके हैं। शासन ने इसे लेकर शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।